


कोहली दुनिया के बेस्ट बल्लेबाज

यूसुफ ने कहा कि इसमें कोई शक नहीं कि कोहली इस समय दुनिया के बेस्ट बल्लेबाज हैं लेकिन बाबर अगर इसी तरह अपने खेल में सुधार कर करते रहे तो एक दिन वह दुनिया के नंबर एक बल्लेबाज बन सकते हैं।

## विराट-रोहित की तुलना सचिन-द्रविड़ की क्लास से नहीं हो सकती

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट में अच्छे बल्लेबाजों की एक लंबी परंपरा है। सुनील गावसकर से लेकर गुंडप्पा विश्वनाथ, कपिल देव, सचिन तेंडुलकर, राहुल द्रविड़ जैसे बल्लेबाजों ने पूरी दुनिया में भारतीय बैटिंग का परचम लहराया। इसके बाद विराट कोहली और रोहित शर्मा भी इसी परंपरा को आगे बढ़ा रहे हैं।

भारतीय कप्तान और उपकप्तान की इस जोड़ी की तुलना राहुल द्रविड़ और सचिन तेंडुलकर से भी की जाती है। हालांकि पाकिस्तान के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज मोहम्मद यूसुफ इससे सहमत नहीं है। यूसुफ ने भारतीय दिग्गजों के काफी क्रिकेट खेला है। उन्होंने कहा कि इनकी तेंडुलकर और द्रविड़ की क्लास के साथ तुलना नहीं करनी चाहिए। क्रिकेट पाकिस्तान की एक खबर के मुताबिक यूसुफ ने एक स्थानीय समाचार चौनल से बातचीत के दौरान कहा कि मौजूदा खिलाड़ियों की तुलना सचिन और द्रविड़ के साथ नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा कि उस समय भारतीय टीम में क्वॉलिटी बल्लेबाज थे।

# क्रिकेटर लार से अब कैसे देंगे गेंदबाजी को धार!

**कोरोना का डर**

### कोविड-19 के बाद गेंद चमकाने के इस तरीके पर दोबारा सोचना पड़ सकता है

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। क्रिकेट में गेंदबाजों द्वारा गेंद पर लार का इस्तेमाल करना आम बात है लेकिन कोविड-19 महामारी के बाद उन्हें बॉल चमकाने के इस प्रचलित तरीके पर दोबारा सोचना पड़ सकता है। इससे पहले ही बल्लेबाजों के अनुकूल बन चुके इस खेल में उनकी मुसीबत और बढ़ सकती है। कोरोना वायरस को डब्ल्यूएचओ ने महामारी घोषित किया है और ऐसे में इसका डर भी लोगों में है।

इस घातक वायरस का दुनियाभर में तमाम खेल प्रतियोगिताओं पर पड़ा है और फिलहाल ज्यादातर सीरीज, लीग को स्थगित या रद्द कर दिया गया है। ऐसा लग रहा है कि कोविड-19 महामारी क्रिकेट में गेंद पर लार लगाने के चलन को भी बदल सकती है।

**वैध है यह तरीकाः** साउथ अफ्रीका में 2018 के बॉल टैंपरिंग एपिसोड के बाद मैचों के दौरान बॉल की



निगरानी और बढ़ गई है, लेकिन गेंद पर पसीने और लार का इस्तेमाल अब भी वैध है। वेंकटेश प्रसाद, प्रवीण कुमार और जेसन गिलेस्पी जैसे पूर्व फास्ट बोलर्स का मानना है कि आखिरकार जब दोबारा क्रिकेट शुरू होगा तो खेल के नियम बनाने वाली संस्था को लार के इस्तेमाल को रोकना पड़ सकता है।

प्रसाद ने कहा, 'मैच जब दोबारा शुरू होंगे तो उन्हें कुछ समय तक सिर्फ पसीने का इस्तेमाल करना चाहिए, क्योंकि खिलाड़ियों की सुरक्षा सबसे बढ़कर है।

**लगानी होगी रोकः** अपनी शानदार स्विंग के लिए पहचाने जाने वाले पूर्व पेसर प्रवीण कुमार ने बताया कि बॉल पर पर्याप्त लार लगाने से स्विंग कराने की उनकी कला को काफी मदद मिली। प्रवीण ने मजाकिया लहजे में कहा, 'खेल दोबारा शुरू होने पर कुछ महीने के लिए लार के इस्तेमाल पर बैन लगाना होगा। बोलर के रूप में हमें किसी अन्य चीज के इस्तेमाल के बारे में सोचना होगा।'

**हवा में बहल बल्लेबाज से जाती है दूरः** उन्होंने कहा, 'तेज गेंदबाजों के लिए यह बेहद अहम है, स्पिनरों के लिए भी क्योंकि इससे उन्हें ड्रिफ्ट हासिल करने में मदद मिलेगी। स्पिनर अगर चमकते हुए हिस्से को बाईं ओर रखते हैं तो हवा में बॉल बल्लेबाज से दूर जाती है और फिर अंदर आती है। इससे बल्लेबाज की परीक्षा होती है।'

**गिलेस्पी बोले, इस पर विचार करें**

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज गिलेस्पी ने कहा कि गेंद पर लार के इस्तेमाल पर दोबारा विचार करने का समय आ गया है। गिलेस्पी ने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि यह अजीब सवाल है। इस पर दरअसल सोचा जाना चाहिए।'

प्रसाद ने हालांकि याद दिलाया कि गेंदबाजी सिर्फ पसीने और लार का इस्तेमाल करना नहीं है और हालात भी काफी मायने रखते हैं।

## मुक्के से चित करने वाले अखिल कुमार अब कोरोना के खिलाफ लड़ रहे हैं जंग

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। पूर्व ओलिंपियन बॉक्सर अखिल कुमार हरियाणा के कई हाईप्रोफाइल खिलाड़ियों में से एक हैं, जो लॉकडाउन के दौरान सड़कों पर अपनी ड्यूटी निभा रहे हैं। गुरुग्राम में एसीपी ट्रैफिक, ईस्टर्न हाइवे, अखिल कुमार ने 2006 कॉमनवेल्थ गेम्स में बैंटमवेट (53 इह) वर्ग में गोल्ड मेडल जीता था। अखिल महसूस कर रहे हैं कि उन्हीं की तरह ज्यादातर खिलाड़ी कोरोना वायरस के कारण इस मुश्किल दौर में मुकाबला करने के लिए नए सबक सीख रहे हैं।

अखिल ने कहा, यह अलग तरह की लड़ाई है। जब मैं मुक्केबाजी कर रहा था, तो करीब-करीब खुद ही अपना कोच



था। मैंने अपना काम खुद किया। मेरा आक्रामक तरीका, मेरी शैली ही मेरी पहचान थी। यहां तक कि कोच साहब भी जानते थे, और उन्होंने मुझे ऐसे ही खेलने दिया।

खाली पड़े गुरुग्राम-दिल्ली टोल प्लाजा पर अपनी तस्वीर पोस्ट करते हुए अखिल ने लिखा था कि बुरा समय बताकर नहीं लेकिन सिखाकर और समझाकर बहुत कुछ जाता है। उन्होंने बताया कि वह साथी पुलिसकर्मियों का अपने हल्के-फुल्के अंदाज और मजाक से मनोबल ऊंचा रखने की कोशिश करते हैं। अखिल भारत के सबसे पसंदीदा कोच में भी गिने जाते हैं और आज वह अपने मुक्केबाजी के दिनों के इकफर्ट जोनस से बाहर निकलने को ठीक मानते हैं। उन्होंने कहा कि वह बैठते हैं और सलाह लेते हैं, उसका पालन करते हैं। उन्होंने कहा, यदि आप ऊपर

बैठे कप्तान का अनुसरण करते हैं, तो संकट के बारे में जानते हैं, तो जल्द ही सभी चीजें फिर से सामान्य हो जाती हैं। अखिल ने कहा, इस मुश्किल समय में मैं अब उस मुक्केबाज की तरह नहीं हूं जो अपने मन का करके खुश होगा। यहां कर्तव्य सर्वोपरि है, प्रक्रिया है, आपके वरिष्ठ अधिकारी का आदेश, निर्देश और जिम्मेदारी से निभाना, आदेश और निर्देश। यह खुद को परिपक्व करने जैसा है।

## दिल्ली पुलिस के वीडियो में पंत लॉकडाउन का पालन करने की अपील

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। घातक कोरोना वायरस से बचाव के तौर पर पूरे भारत में 3 मई तक लॉकडाउन घोषित है और ऐसे में खेल जगत की दिग्गज हस्तियां सोशल मीडिया पर अपने फैंस के लिए फोटो-वीडियो शेयर कर रहे हैं। कुछ तो इस वायरस को लेकर लोगों को जागरूक भी कर रहे हैं और इसी लिस्ट में युवा विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत का नाम भी जुड़ गया है।

टीम इंडिया के इस युवा बल्लेबाज ने दिल्ली पुलिस के साथ मिलकर एक वीडियो बनाया है और लोगों से अपील की है कि वे दिल्ली पुलिस का सहयोग करें। दिल्ली पुलिस के आधिकारिक ट्विटर हैंडल से यह वीडियो शेयर किया गया है। भारत के लिए 13 टेस्ट, 16 वनडे और 28 टी20 इंटरनैशनल मैच खेल चुके पंत इस वीडियो में कह रहे हैं, श्हमारी एक छोटी से गलती कोरोना के खिलाफ लड़ाई में हार और जीत का फर्क बन सकती है। आइए, सभी मिलकर दिल्ली पुलिस का साथ दें और भारत सरकार की ओर से जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें। उन्होंने आगे कहा, घर पर रहिए, सिर्फ जरूरी सामान के लिए ही घर से बाहर निकलिए और सोशल डिस्टैंसिंग का पालन कीजिए।

## न्यूज डायरी



### खास मिशन में जुटीं मिल्खा सिंह की बेटी, न्यूयॉर्क में कोरोना पीड़ितों का कर रहीं इलाज

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। महान फर्राटा धावक मिल्खा सिंह की बेटी और मशहूर गोल्फर जीव मिल्खा सिंह की बड़ी बहन इन दिनों न्यूयॉर्क में लगातार मैराथन दौड़ रही हैं। हालांकि यह दौड़ वह ट्रैक पर नहीं बल्कि हॉस्पिटल में लगा रही हैं जहां वह कोरोना वायरस पीड़ितों के उपचार में जुटी हैं। मोना मिल्खा सिंह न्यूयॉर्क के मेट्रोपोलिटन हॉस्पिटल सेंटर में डॉक्टर हैं। जीव ने बताया कि उनकी बहन वह न्यूयॉर्क के मेट्रोपोलिटन हॉस्पिटल में इमरजेंसी रूम डॉक्टर हैं। जब भी कोरोना के लक्षण वाला कोई मरीज आता है तो उन्हें उसका उपचार करना होता है। जीव ने बताया कि मोना पहले मरीज की जांच करती हैं जिसके बाद उन्हें आइसोलेशन के लिए विशेष वार्ड में भेजा जाता है। उन्होंने कहा, मुझे उन पर गर्व है। हालांकि उनको लेकर चिंतित भी हूं।

### लॉकडाउन में क्रिकेट छोड़ बास्केटबॉल खेलते नजर आए लोकेश राहुल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। घातक कोरोना वायरस से बचाव के तौर पर लॉकडाउन घोषित है और ऐसे में खेल जगत की दिग्गज हस्तियां अपने-अपने घर पर समय बिता रही हैं। इसी बीच टीम इंडिया के स्टार बल्लेबाज लोकेश राहुल ने दिखाया कि वह क्रिकेट के अलावा बास्केटबॉल में भी कमाल हैं।

उन्होंने एक वीडियो क्लिप इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। राहुल इस वीडियो क्लिप में बास्केटबॉल खेलते नजर आ रहे हैं। क्रिकेट टीम जब प्रैक्टिस करती है तो क्रिकेटर अक्सर फुटबॉल खेलते नजर आते हैं लेकिन ऐसा लग रहा है कि राहुल तो बास्केटबॉल में भी अव्वल हैं। टीम इंडिया के लिए 36 टेस्ट, 32 वनडे और 42 टी20 इंटरनैशनल मैच खेल चुके राहुल ने हाथ में सीमित ओवरों में विकेटकीपर की भूमिका निभाई थी। वह आईपीएल में भी किंग्स इलेवन पंजाब के लिए विकेटकीपिंग कर चुके हैं।

### दिग्गजों ने मलिंगा को बताया आईपीएल का बेस्ट बोलर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। श्रीलंका और मुंबई इंडियंस के तेज गेंदबाज लसिथ मलिंगा को अब कॉमेंटेटर्स की भूमिका निभा रहे खिलाड़ियों ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के इतिहास का सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज करार दिया है। मलिंगा जो आईपीएल में शुरू से ही मौजूदा चैंपियन मुंबई इंडियंस के साथ ही हैं। आधिकारिक प्रसारणकर्ता स्टार स्पोर्ट्स के कॉमेंटेटर्स केविन पीटरसन, डीन जोंस, मैथ्यू हेडन, आकाश चोपड़ा, ग्रीम स्मिथ, साइमन डूल, इयान बिशप और टॉम मूडी ने मलिंगा को बेस्ट चुना। टूर्नामेंट के 122 मैचों में सबसे ज्यादा 170 विकेट लेने वाले मलिंगा को टी20 क्रिकेट का नजरिया बदलने वाला गेंदबाज कहा जाता है। बल्लेबाजों के मुफीद माने जाने वाले इस खेल में मलिंगा ने अपना दबदबा कायम रखा। श्रीलंका के इस दिग्गज गेंदबाज 10 गेंदबाजों नॉमीनीज में शामिल थे। इसमें डेल स्टेन, आशीष नेहरा, सुनील नरेन और जसप्रीत बुमराह भी शामिल थे। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान केविन पीटरसन ने भी मलिंगा को बेस्ट बोलर चुनने के अपने फैसले को सही ठहराया। पीटरसन ने कहा, मैं मलिंगा को चुनूंगा।

### भारतीय स्पिन चौकड़ी के स्टार वेंकटराघवन का 75वां जन्मदिन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नागपुर। श्रीनिवासनराघवन वेंकटराघवन का नाम सुनते ही जेहन में अनुशासित, परंपरागत और यहां तक कि बेबाक जैसे शब्द आते हैं। राघवन भारतीय क्रिकेट के दिग्गज स्पिनर रहे हैं। राघवन- भागवत चंद्रशेखर, इरापल्ली प्रसन्ना और बिशन सिंह बेदी के साथ भारतीय स्पिन चौकड़ी का हिस्सा रहे। 1960 और 70 के दशक में इस चौकड़ी की दुनिया में तूती बोलती थी। ऑफ स्पिनर राघवन के आंकड़े इस चौकड़ी में थोड़े कम प्रभावी दिखते हों लेकिन उन्होंने अपना प्रभाव गहरे तरीके से छोड़ा। आज भारत के इसी महान खिलाड़ी का 75वां जन्मदिन है। उनके नाम एक अनोखा रेकॉर्ड है जो कोई अन्य हासिल नहीं कर पाया है। आज तक 50 से ज्यादा टेस्ट मैचों में खेलने और अंपायरिंग करने वाले वह इकलौते हैं। राघवन को अपनी चौकड़ी का सबसे सटीक गेंदबाज माना जाता था।